Postal Reg. No.GDP -45/2017-2019

अल्लाह तआला का आदेश

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ۔

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 4

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 33-34

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

13-20 ज़िल्हज्ज 1440 हिजरी कमरी 15-22 ज़हूर 1397 हिजरी शमसी 15-22 अगस्त 2019 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

अगर तुम इस्लाम का समर्थन और ख़िदमत करना चाहते हो तो पहले ख़ुद तक़्वा और पवित्रता धारण करो जिस से ख़ुद तुम ख़ुदा तआला की पनाह के मज़बूत क़िला में आ सको। और फिर तुमको इस ख़िदमत का सौभाग्य और योग्यता प्राप्त हो।

अल्लाह तआला का फ़ज़ल हमेशा मुत्तक़ियों और सच्चों ही के साथ शामिल हुआ करता है। अपने आचरण और आदतें ऐसे ना बनाओ जिनसे इस्लाम को दाग़ लग जाए।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

नेकी क्या चीज़ है?

नेकी एक सीढ़ी है इस्लाम और ख़ुदा की तरफ़ चढ़ने का लेकिन याद रखो कि नेकी क्या चीज़ है। शैतान हर एक राह में लोगों की राहज़नी करता और उनको सच्चाई के रास्ते से बहकाता है। जैसे रात को रोटी ज़्यादा पक गई और सुबह को बासी बच रही। ठीक खाने के वक़्त कि इस के सामने अच्छे अच्छे खाने रखे हैं। अभी लुक़्मा नहीं उठाया कि दरवाज़ा पर आकर फ़क़ीर ने आवाज़ दी और रोटी मांगी। कहा कि बासी रोटी मांगने वाले को दे दो। क्या ये नेकी होगी? बासी रोटी तो पड़ी ही रहनी थी। नेअमते पसन्द करने वाले उसे क्यों खाने लगे? अल्लाह फ़रमाता है

وَيُطْعِمُوْنَ الطَّعَامَ عَلٰى حُبِّهٖ مِسْكِيْنًا وَّيَتِيْمًا وَّاَسِيْرًا

(अद्दहर:9) यह भी मालूम रहे कि तआम (खाना) कहते ही पसंदीदा तआम को हैं। सड़ा हुआ बासी तआम नहीं कहलाता। अत: अगर इस प्याली में से जिसमें अभी ताज़ा खाना लज़ीज़ और पसंदीदा रखा हुआ है और खाना शुरू नहीं किया। फ़क़ीर की आवाज़ पर निकाल दे तो यह तो नेकी है।

बेकार और निकम्मी चीज़ों के ख़र्च से कोई आदमी नेकी करने का दावा नहीं कर सकता। नेकी का दरवाज़ा तंग है अत: यह बात याद रख लो कि निकम्मी चीज़ों के ख़र्च करने से कोई इस में दाख़िल नहीं हो सकता। क्योंकि कुरआन मजीद की आयत है कि لَنْ تَنَالُوا الْبِرَّ حَتّٰى تُنْفِقُوْا مِمَّا تُحِبُّوْنَ (आले इम्रान:93) जब तक प्रिय से प्रिय प्यारी चीज़ों को ख़र्च ना करोगे उस वक़्त तक महबूब और प्रिय होने का दर्जा नहीं मिल सकता। अगर तकलीफ़ उठाना नहीं चाहते और वास्तविक नेकी को धारण करना नहीं चाहते तो क्योंकर कामयाब और सफल हो सकते हो। क्या सहाबा किराम रज़ि मुफ़्त में इस दर्जा तक पहुंच गए जो उनको हासिल हुआ। दुनियावी खिताबों के हासिल करने के लिए कितने खर्च और तकलीफ़ें बर्दाश्त करनी पड़ती हैं तो फिर कहीं जा कर एक मामूली ख़िताब जिस से हार्दिक सन्तोष और इत्मिनान हासिल नहीं हो सकता, मिलता है। फिर ख़्याल करो कि रज़ी अल्लाहो अन्हुम का ख़िताब जो दिल को तसल्ली और हृदय को इतमीनान और मौला करीम की रज़ामंदी का निशान है। क्या यूंही आसानी से मिल गया?

बात यह है कि ख़ुदा तआला की रजामंदी जो हक़ीक़ी ख़ुशी का कारण है हासिल नहीं हो सकती जब तक अस्थायी तकलीफ़ें बर्दाश्त ना की जाएं। ख़ुदा ठगा नहीं जा सकता। मुबारक हैं वे लोग जो अल्लाह तआला की रज़ा को प्राप्त करने के लिए तकलीफ़ की परवाह ना करें क्योंकि स्थायी ख़ुशी और हमेशा के आराम की रोशनी इस अस्थायी तकलीफ़ के बाद मोमिन को मिलती है।

सच्चा मुसलमान कौन है?

मैं खोल कर कहता हूँ कि जब तक हर बात पर अल्लाह तआला प्रथम ना हो जाए और दिल पर नज़र डाल कर वह ना देख सके कि यह मेरा ही है इस वक़्त तक कोई सच्चा मोमिन नहीं कहला सकता। ऐसा आदमी तो अलिफ लाम (उर्फ़ आम) के तौर पर मोमिन या मुसलमान है। जैसे चूहड़े को भी मुसल्ली या मोमिन कह देते हैं। मुसलमान वही है जो अस्लिम वज्हहो लिल्लाह का मिस्दाक़ हो गया है। वज्हुन मुंह को कहते हैं। मगर उस का इतलाक़ ज़ात और वजूद पर भी होता है। अत: जिसने सारी ताक़तें अल्लाह के हुज़ूर रख दी हूँ वही

शेष पृष्ठ 12 पर

125 वां
जलसा सालाना क़ादियान
दिनांक 27, 28, 29 दिसम्बर 2019 ई. को आयोजित होगा

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ ने 125 वें जलसा सालाना क़ादियान के लिए दिनांक 27, 28 और 29 दिसम्बर 2019 ई.(जुम्अ:, हफता व इतवार) की स्वीकृति दी है। जमाअत के लोग अभी से इस शुभ जलसा सालाना में उपस्थित होने की नीय्यत करके दुआओं के साथ तैयारी आरम्भ कर दें। अल्लाह तआला हम सब को इस ख़ुदाई जलसे से लाभ उठाने की क्षमता प्रदान करे। इस जलसा सालाना की सफलता व बा-बरकत होने के लिए इसी तरह यह जलसा लोगों के लिए मार्ग दर्शन हो इसके लिए विशेष दुआएँ जारी रखें। धन्यवाद

(नाज़िर इस्लाह व इरशाद मरकज़िया, क़ादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का अमरीका का सफर, अक्तूबर 2018 ई (भाग-5)

ख़लीफ़ा के व्यक्तित्व को अगर एक शब्द में बयान किया जाए तो उन्हें साक्षात अमन कहा जा सकता है

ख़लीफ़ा का व्यक्तित्व निहायत ख़ूबसूरत और सम्मान वाला है जो फ़ौरन दिल पर असर करता है

हुज़ूर अनवर को देखते ही ऐसा महसूस हुआ जैसा कि आपकी ज़ात से ख़ुदा तआला का नूर निकल रहा है। मैंने बहुत से लोगों को यह प्रतिक्रिया करते देखा है और मैं ख़ुद उस की गवाह हूँ। आपकी मौजूदगी में लोग ख़ुदाई नूर नाज़िल होता महसूस कर रहे होते हैं। आज इस्लाम के ख़लीफ़ा को देखकर और उन के ख़िताब को सुन कर यूं महसूस हुआ जैसे हमारी कैथोलिक कम्यूनिटी के मज़हबी रहनुमा पोप हमसे मुख़ातब हों, ख़लीफ़ा का ख़िताब यूं मालूम होता था जैसे ज़ुल्मत के पर्दे फाड़ रहा हो। अत: मैं उम्मीद करती हूँ कि लोग ख़लीफ़ा के ख़िताब को सुन कर जहालत को छोड़ कर रोशनी के इस नए दौर में दाख़िल होंगे।

आप के ख़लीफ़ा के व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित हुआ हूँ। इन के आने से फ़िज़ा पर एक अजीब असर छा गया था, उनका पैग़ाम भी मुहब्बत और इख़लास से भरा हुआ था। आज अज़ान भी सुनी जिसने दिल पर एक गहरा असर छोड़ा है। हुज़ूर अनवर के ख़िताब के दौरान मैं उन की एक एक बात से सहमति कर रहा था।

हुज़ूर अनवर का वजूद तो घायल कर देने वाला है, आपका हर वाक्य ऐसा था कि में इस से आनन्दित हो रही थी,एहसास होता था कि आप दिल से बातें कर रहे हैं, हुज़ूर अनवर की ज़ात में एक जाज़बियत है, महसूस हो रहा था कि यह शख़्स जो कुछ कह रहा है वह उसके दिल की आवाज़ है, हुज़ूर अनवर निहायत शफ़ीक़ हैं , आप बहुत नरम बात करने वाले हैं और वास्तविक तौर पर दुनिया में अमन चाहते हैं।

ख़लीफ़ा की तक़रीर बहुत हौसला प्रदान करने वाली और दिलों को गरमाने वाली थी, ख़लीफ़ा ने विश्वव्यापी पैग़ाम दिया है। ख़लीफ़ा के व्यक्तित्व को अगर एक शब्द में बयान किया जाए तो उन्हें साक्षात अमन कहा जा सकता है।

मस्जिद बैतुलसमद (बाल्टीमोर, अमरीका) के उद्घाटन के अवसर पर सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमेनीन अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ के ख़िताब के बाद मेहमानों के ईमान वर्धक विचार।

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

20/अक्तूबर 2018 ई (दिनांक हफ़्ता)(बक़ीया रिपोर्ट)

आयोजन में शामिल मेहमानों के विचार

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ ने मस्जिद बैतुल समद (बाल्टीमोर)के उद्घाटन के अवसर पर जो ख़िताब फ़रमाया इस ख़िताब ने मेहमानों पर गहरा असर छोड़ा और बहुत से मेहमानों ने अपने विचार को प्रकट किया।

* एक मेहमान टीचर ने कहा : हुज़ूर अनवर के ख़िताब ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। यह वज़ाहत ज़रूरी थी। मुझे खासतौर पर इस बात पर ख़ुशी हुई है कि जो आपने मस्जिद के उद्देश्य बयान फ़रमाए हैं और यह कि मस्जिद अपने पड़ोसियों के लिए क्या क्या काम आएगी। हमें एक दूसरे से मतभेद के बावजूद साझे मामलों पर इकट्ठे होना चाहिए और आपस में मिल कर समाज की बेहतरी के लिए काम करना है। यह एक शानदार पैग़ाम था। अगर इस पर अनुकरण हो तो समाज बहुत बेहतर हो सकता है।

* एक यूनीवर्सिटी के प्रोफ़ैसर ने अपने विचार का प्रकट करते हुए कहा: हुज़ूर अनवर का पैग़ाम कि हमें सकारात्मक चीज़ें देखनी चाहिऐं। जहां हमारे मध्य मतभेद हैं इसी जगह हम में बहुत सी चीज़ें साझी हैं। यह एक हैरत-अंगेज़ पैग़ाम था कि जिसके द्वारा हम समाज में अहम तबदीली पैदा कर सकते हैं। हमें एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना है, एक दूसरे का सम्मान करना है। बहुत ही अच्छा पैग़ाम है। यू .एस. ए के माहौल में यह पैग़ाम बहुत अहम है। अमरीकी होने के नाते हमें ना सिर्फ अपने लिए बल्कि अपने बच्चों के लिए काम करना है, समाज में सबको साथ मिलाकर आगे चलना है। मुझे इस हैरत-अंगेज़ पैग़ाम ने बहुत प्रभावित किया है।

* गैमबेन एंबेसी से सम्बन्ध रखने वाले Lamin साहिब ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा: यह ख़िताब बहुत प्रभावित करने वाला था। मैं ख़ुद भी एक अहमदिया स्कूल में पढ़ा हूँ। जो मैं आज हूँ वह अहमदिया जमाअत के कारण हों। मैं आप लोगों का बहुत शुक्रगुज़ार हूँ। मैं गीमबया के एंबेसेडर और सारी देश की तरफ से आप लोगों का शुक्रिया अदा करता हूँ। गेमबिया में आप लोगों के समाज सेवा के काम इंतिहाई शानदार हैं। स्कूल, हस्पताल इत्यादि, हर जगह आप इन्सानियत की सेवा कर रहे हैं। आप लोगों का बहुत शुक्रिया। * एक औरत ने अपने विचार का प्रकट करते हुए कहा: मैं हुज़ूर अनवर के पैग़ाम को सुनकर बहुत भावनात्मक हो गई हूँ। मेरे लिए यह बहुत शान्ति वाली बातें थीं। उनमें उम्मीद नज़र आती है। आजकल के हालात में मेरे लिए इस ख़िताब में बहुत ही अहम पैग़ामात थे। मुसलमानों और ग़ैर मुस्लिमों, काले और गोरे के मध्य यहां बहुत मतभेद हैं। हमें इन सब दूरियों का हल तलाश करना है और यह आपसी सम्मान से ही मुम्किन है। हुज़ूर अनवर ने जो पड़ोसी की प्रशंसा फ़रमाई है, पड़ोसी से हुस्न सुलूक का जो पैग़ाम दिया है, यह मेरे लिए बहुत ही शानदार था। इस पैग़ाम को सुन कर मुझे इस्लाम के बारे में और अधिक जानने की तरग़ीब हुई है। आप लोगों का बहुत शुक्रिया।

* एक मेहमान ने अपने विचारों का प्रकट करते हुए कहा: एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना, एक बहुत ही शानदार पैग़ाम था। मैं हिंदू हूँ लेकिन मैं यहां आया हूँ, क्योंकि हम सब इन्सान हैं, हमें इकट्ठे मिलकर काम करना है। मुझे यहां आकर और ऐसा पैग़ाम सुनकर बहुत ख़ुशी हुई है।

* बिलाल अली साहिब(Representative of State from 41 District) भी इस प्रोग्राम में शामिल थे। उन्होंने अपने विचार का प्रकट करते हुए कहा: हुज़ूर अनवर ने जो पैग़ाम दिया है इस की गूंज यहां सारे लोगों में सुनाई दे रही है। आपसी एकता, बराबरी, मुहब्बत और प्यार की फ़िज़ा स्थापित करने में यह पैग़ाम बहुत अहम है। इस्लाम के ख़िलाफ़ जो शंकाए पाई जाती हैं, उन्हें दूर करने में बहुत मदद मिलेगी। आपका माटो मुहब्बत सब के लिए, नफ़रत किसी से नहीं ऐसा पैग़ाम है, जो हम सब के लिए एक स्वीकार करने योग्य माटो है। हुज़ूर अनवर ने वक़्त पर बहुत सी समस्याओं का हल हमें बता दिया है। ख़ासकर यहां के हालात में काफ़ी हद तक सयासी बयान भी मुसलमानों के ख़िलाफ़ भावनाएं उभार रहे हैं, हुज़ूर अनवर जैसे उच्च वजूद का यहां आना और इन बातों के बारे में रहनुमाई बहुत ही अच्छा क़दम है। आपने ऐसे माहौल में बहुत ही हिकमत वाला, दलीलों से भरा पैग़ाम दिया है, जिससे कोई भी अक़ल रखने वाला इन्कार नहीं कर सकता। मैंने समाज में अमन स्थापित करने का बहुत आसान हल सीखा है, वह यह कि अपने घर से शुरू करें, पड़ोसियों से हुस्ने सुलूक करें, आपको सारी दुनिया को बदलने की ज़रूरत नहीं है, सिर्फ वे लोगों जिनसे आप मिलते-जुलते हैं, उनमें प्यार बांटें, उनकी सेवा करें तो सारा समाज अमन वाला हो जाएगा। यह एक बहुत ही आसान नुस्ख़ा है। इस्लाम

शेष पृष्ठ 10 पर

ख़ुत्बः जुमअः

दुनिया को यह नज़र आ रहा है कि इस्लाम इंशा अल्लाह तआला अहमदियत के फैलना है।

हमें अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी में बढ़ते हुए अपनी तरफ़ से अपनी कोशिशों को मज़ीद बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए ताकि अल्लाह तआला के यह फ़ज़ल और नवाज़िशें बढ़ती चली जाएं।

यह माहौल हमारे अस्थायी माहौल ना हूँ बल्कि हमारी ज़िन्दगियों का हर लम्हा इस्लाम की ख़ूबसूरत शिक्षा को हमारे हर कर्म से दिखाने वाला हो।

जर्मन जमाअत के इख़लास-ओ-वफ़ा और इस के क़ुर्बानी की भावना को देखकर भी मैं कह सकता हूँ कि अगर इस (नई जगह की ख़रीद के लिए कुछ आर्थिक क़ुर्बानी की ज़रूरत पड़ी तो जमाअत इंशा अल्लाह तआला ये क़ुर्बानी करेगी। अल्लाह तआला उनकी तौफ़ीक़ को भी बढ़ाए

ना सिर्फ काम करने वाले बल्कि जलसा में शामिल होने वाला हर अहमदी ग़ैरों के लिए अपने अख़लाक़ और व्यवहार की वजह से ख़ामोश तब्लीग़ का माध्यम बन रहा होता है

आपने समस्त समस्याएं वर्णन करने के बाद मज़हब से इस का हल पेश किया और बताया कि इन समस्त समस्याएं का हल ख़ुदा को पहचानने में है। आपने ये साबित किया है कि मज़हब मसला नहीं बल्कि समस्याएं का हल है।

मैं शुक्रगुज़ारी के जज़बात के साथ इस बात की गवाही देती हूँ कि मैंने ऐसे लोगों को देखा जिनका ख़ुदा पर यक़ीन और ईमान बहुत मज़बूत है मुझे उम्मीद है कि आप ये नेक काम जारी रखेंगे इस सिलसिला में ज़्यादा तवज्जा और मुहब्बत जारी रखेंगे और फिर एक वक़्त आएगा लोगों को इस बात का ज्ञान होगा कि ज़िन्दगी का वास्तविक मक़सद और वैल्यू value)क्या है।

जो मुहब्बत और इन्सानियत का सम्मान ,बराबरी और भाईचारा यहां आकर देखा ऐसा कभी अपनी ज़िन्दगी में नहीं देखा और ना ही किसी और प्रोग्राम में देखा।

मैं धार्मिक ज्ञान हासिल कर रही हूँ , जलसा पर पहली बार आई हूँ और मेरा यक़ीन है कि यह जलसा अमन के हुसूल का एक बेहतरीन माध्यम है।"'हम अपने तजुर्बे के आधार पर भी यह कह सकती हैं कि इस्लामी शिक्षाएं बहुत गहरी और हिक्मत से भरी हैं और औरतें अलग जगह पर ज़्यादा आसानी और इतमीनान महसूस हैं करती हैं और उन्हें अपने प्रबन्धों सँभालने और अपनी क़ाबिलियतों का जोहर दिखाने का व्यापक मौक़ा मिलता है।

मैं यह स्पष्ट रूप से कह सकता हूँ कि दुनिया में किसी जगह भी कोई अपने स्यासी या मज़हबी लीडर से ऐसा प्यार नहीं करता जितना यहां मैंने अपने ख़लीफ़ा से लोगों को करते देखा है और मैं इस सच्चाई को स्वीकार करता हूँ।

जलसा सालाना जर्मनी के कामयाब आयोजन के बाद अल्लाह तआला के हुज़ूर इज़हार तशक्कुर अहमदियों को अपनी कोशिशों को और अधिक करने की नसीहत मीडिया के विभिन्न माध्यमों से करोड़ों लोगों तक अहमदियत अर्थात हक़ीक़ी इस्लाम का पैग़ाम पहुंचा

अफ्रीक़ा, यूरोप, रशियन इस्टेट्स, एशिया सारी दुनिया के समस्त मुल्कों से जलसा सालाना जर्मनी पर तशरीफ़ लाने वाले अहमदी, ग़ैर अज़ जमाअत और ग़ैर मुस्लिम मेहमानों की प्रतिक्रियाओं का वर्णन

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 12 जुलाई 2019 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक,इस्लामाबाद। (सरे), यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُوْلُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछले दिनों अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जमाअत अहमदिया जर्मनी का जलसा सालाना अल्लाह तआला के फ़ज़लों को समेटते हुए अपने समापन को पहुंचा। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जैसा कि मैंने आख़िरी दिन बताया भी था इस साल वहां हाज़री भी चालीस हज़ार से ऊपर थी। ये तरकिय्यां हम हर साल देखते हैं। यह केवल और केवल अल्लाह तआला का फ़ज़ल है जो हमारे कामों और हमारी कोशिशों से बढ़कर हमें देता है। अत: हमें अल्लाह तआला की शुक्रगुज़ारी में बढ़ते हुए अपनी तरफ़ से अपनी कोशिशों को मज़ीद बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए ताकि अल्लाह तआला के ये फ़ज़ल और नवाज़िशें बढ़ती चली जाएं

जलसा में शामिल होने वाले सैंकड़ों ग़ैर अज़ जमाअत और ग़ैर मुस्लिम मेहमानों ने इस बात का इज़हार किया कि एक ग़ैर मामूली माहौल और असर देखने में आया है। अपने तो इज़हार करते ही हैं लेकिन किस तरह समस्त काम करने वाले बच्चे बच्चियां तक काम करते हैं और किस तरह इतनी बड़ी संख्या में लोग बिना किसी झगड़े और फ़साद के रहते हैं। यह ग़ैरों के नज़दीक एक अजीब ग़ैर-मामूली चीज़ है बल्कि कुछ ने तो यह इज़हार किया कि यह एक चमत्कार है। अत: हमारा जलसा अतिरिक्त हमारी अपनी तर्बीयत के तब्लीग़ का भी एक बहुत बड़ा माध्यम बनता है।

अत: यह चीज़ हमसे मांग करती है कि हम ख़ुदा तआला की शुक्रगुज़ारी में बढ़ते चले जाएं और यह माहौल हमारे अस्थायी माहौल ना हों बल्कि हमारी ज़िन्दगियों का हर लम्हा इस्लाम की ख़ूबसूरत शिक्षा को हमारे हर कर्म से दिखाने वाला हो और हम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की बैअत में आने के मक़सद को हर वक़त पूरा करने वाले हों।

प्राय मैं जलसा के बाद मेहमानों की प्रतिक्रियांए और जलसा के बारे में कुछ बातों का ज़िक्र किया करता हूँ। आज मैं वे पेश करूँगा लेकिन इस से पहले मैं काम करने वाले काम करने वालों और काम करने वालियों का भी शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ जिन्हों ने रात-दिन एक कर के जलसा के प्रबन्धों को हर लिहाज़ से कामयाब करने की कोशिश की और अब वहां वाइंडि उप (wind-up)हो रहा है तो ये लोग अभी तक काम कर रहे हैं

जैसा कि अब यहां भी और दुनिया की हर बड़ी और मुनज़्ज़म जमाअत में देखने में आता है कि काम करने वाले जलसा के कामों के लिए अपने व्यक्तिगत लाभों और कामों को पीछे डाल कर सिर्फ और सिर्फ जलसा के प्रबन्धों और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के मेहमानों के काम के लिए अपना हर लम्हा वक़्फ़ कर देते हैं। अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जर्मनी की जमाअत भी इख़लास तथा वफ़ा में बढ़ी हुई जमाअत है बल्कि कुछ क़ुर्बानियों में तो कुछ जमाअतों से भी ज़्यादा बढ़ी हुई है। अगर कहीं कमी होती है तो ओहदेदारों के काम के तरीक़ा या सही काम ना लेने या ना करने में कमी होती है लेकिन जमाअत के लोगों को अल्लाह तआला के फ़ज़ल से बहुत क़ुर्बानी करने वाले हैं। जान, माल, वक़्त क़ुर्बान करने वाले हैं। अल्लाह तआला उनके इख़लास तथा वफ़ा को बढ़ाता चला जाए।

इस बार शामिल होने वालों की संख्या बढ़ने के बाद इंतिज़ामीया और अमीर साहिब को भी ख़्याल आया यद्यिप ये ख़्याल पिछले साल भी आया था और मैं भी उनको कुछ सालों से कह रहा था लेकिन इस साल लगता है कि संजीदा हुए हैं और अमीर साहिब और मर्कज़ी नैशनल आमिला और ओहदेदार जो हैं वे ज़्यादा संजीदा हैं कि हमारे पास अपनी एक बड़ी जलसा गाह होनी चाहिए। इस बार उनको पार्किंग इत्यादि का भी मसला रहा है जिसकी वजह से ट्रैफ़िक के समस्याएं भी पैदा हुईं और एक अवसर पर फिर लोगों को जलसा गाह में आकर प्रोग्राम में शामिल होने में भी दिक्कत रही। ज़ाहिर है कि ऐसे हालात में जब भीड़ भी ज़्यादा हो और इंतिज़ाम में ज़रा सी कमी हो जाए तो यह ऐसी सूरत पैदा हो जाती है। थोड़ी सी बदमज़गी भी हुई, यह भी क़ुदरती बात है होनी थी। लोगों ने जो शामिल नहीं हो रहे थे लेट हो रहे थे नाराज़गी का इज़हार भी किया और डयूटी वाले काम करने वाले भी जो ट्रैफ़िक और पार्किंग में थे परेशान रहे लेकिन बहरहाल ऐसे हालात में यह भी अल्लाह तआला का फ़ज़ल है कि फ़ोन पर ऐम टी ए की सहूलत की वजह से लोगों ने तक़रीरें सुन लीं या प्रोग्राम देख लिए, सुन लिए। जलसा की ये सब बातें ऐसी बातें हैं जो फिर उस तरफ़ ध्यान दिलाती हैं कि कोई खुला इंतिज़ाम होना चाहिए। फिर जलसा की तारीखें भी इंतिज़ामीया के अनुसार निर्धारित करनी पड़ती हैं। अपनी आज़ादी नहीं और इस बार तो जलसा का हाल भी उन्होंने बिलकुल आख़िरी वक़्त में दिया है। ये सब बातें अब इंतिज़ामीया को इस तरफ़ ध्यान दिला रही हैं कि उनकी अपनी जगह हो जहां जलसा आयोजित किया जा सके। अमीर साहिब ने मुझे बताया कि उन्होंने एक जगह देखी है जिसके हुसूल की वह कोशिश कर रहे हैं और यह उन्हें पसंद भी आई है। अल्लाह तआला के नज़दीक अगर वह जगह जमाअत के लिए बेहतर है तो अल्लाह तआला उस के ख़रीदने और लेने के भी इंतिज़ाम फ़र्मा दे और आसानी पैदा कर दे । मुझे उम्मीद है और इसी तरह जर्मन जमाअत के इख़लास वफ़ा और क़ुर्बानी के इस के भावना को देखकर भी मैं कह सकता हूँ कि अगर उस के लिए कुछ आर्थिक क़ुर्बानी की ज़रूरत पड़ी तो जमाअत इंशा अल्लाह तआला यह क़ुर्बानी करेगी। अल्लाह तआला उनकी तौफ़ीक़ को बढ़ाए।

जैसा कि मैंने जर्मनी के जलसा के आख़िरी दिन में कहा था कि जर्मनी का जलसा भी अब विश्वव्यापि जलसा बन गया है और यूरोप के लिए तो जलसा जर्मनी में शामिल होना पहले भी आसान था। अब इस बार ये महसूस हुआ है कि कुछ दूसरे देशों जैसे भूतपूर्व रूस की रियास्तें हैं और अफ़्रीक़ा के कुछ देश हैं उन लोगों का भी वहां आना ज़्यादा आसान रहा है और वीज़े आसानी से मिले हैं। इस लिहाज़ से जर्मनी में भी जलसा गाह और सम्बन्धित प्रबन्धों में वुसअत की है।

काम करने वालों का शुक्रिया अदा करने और जलसा के बारे में इन बातों के बाद अब मैं आपके सामने जलसा पर आने वालों के कुछ विचार प्रस्तुत करूँगा जिनसे पता चलता है कि ना सिर्फ काम करने वाले बल्कि जलसा में शामिल होने वाला हर अहमदी अपने अख़लाक़ और व्यवहार की वजह से दूसरों के लिए ख़ामोश तब्लीग़ का माध्यम बन रहा होता है। जलसा के दिनों में वहां हफ़्ते वाले दिन दोपहर को ग़ैर अहमदी और ग़ैर मुस्लिमों के लिए एक अलग प्रोग्राम भी होता है जिसमें मेरी तक़रीर भी होती है तो सबसे पहले में इस में शामिल होने वालों के विचार वर्णन करता हूँ। इस प्रोग्राम में बाक़ी वक़्त तब्लीग़ी बैठक ,तब्लीग़ी प्रोग्राम होता है जो वहां की स्थानीय इंतिज़ामीया मेहमानों के साथ करती है

इस साल तब्लीग़ी बैठक में उनके कुल ग्यारह सौ उनासी,seventy nine एक हज़ार एक सौ उनासी 1179 मेहमान शामिल हुए। इस में जर्मन मेहमानों की संख्या 502थी और अन्य यूरोपियन अक़्वाम से सम्बन्ध रखने वाले मेहमानों की संख्या 341थी । उस के अतिरिक्त157 अरब देशों से सम्बन्ध रखने वाले लोग आए।104एशियन और 75अफ़्रीकन मेहमान भी शामिल हुए। इस तरह वहां कुल सतासठ 67 क़ौमों के मेहमानों की नुमाइंदगी थी

इन मेहमानों में एक मिस्टर Hans Oliver हैं जो फ़्रैंकफ़र्ट की एक ला फ़र्म के सीनीयर पार्टनर हैं और इस लिहाज़ से वकील हैं। उन्होंने तब्लीग़ी बैठक में शामिल हो कर और मेरी तक़रीर सुनने के बाद अपने ये विचार वर्णन किए कि इमाम जमाअत अहमदिया की तक़रीर मेरे लिए बहुत पुरजोश और हैरान करने वाली तासीर रखती थी। फिर लिखते हैं कि बज़ाहिर पुरस्कून और रोज़मर्रा के मामूल के अनुसार चलते हुए हालात में आने वाले ख़तरों और जंग को भाँप लेना यह बड़ी अहम बात है और इमाम जमाअत अहमदिया ने ना सिर्फ भविष्य में संभावित ख़तरों को हक़ीक़ी तौर पर महसूस किया है बल्कि साथ साथ दुनिया को ख़बरदार भी कर रहे हैं। इसी तरह उन्होंने इमीग्रेशन को जिस तरह हुकूमतों के समाजी और इक़तिसादी हितों के साथ जोड़ कर दिखाया है वह समीक्षा भी हकीकतपरआधारित थी। फिर कहते हैं कि एक क़ानून दान के तौर पर मैं इस पहलू को अपने साथियों से वर्णन करना और दो तरफ़ा ज़रूरत की समझ को आम करना चाहूँगा क्योंकि आम तौर पर यहां लोग सिर्फ पनाह लेनेवालों के आने का नकारात्मक ज़िक्र ही करते हैं मगर उस के साथ जड़े हुए देशों और क़ौमों के स्थानीय हितों को नज़रअंदाज कर जाते हैं जो कि बड़ा अहम है।

फिर वेरीना लुडविग साहिबा Vereena Ludwig जो लुफ्थांस (Lufthansa) में हैं। एयर लाईन के आई टी डिपार्टमैंट की एक्सपर्ट हैं। वह कहती हैं कि मैं ख़िताब को सुनते वक़्त निरन्तर सोच रही थी कि गुफ़्तगु अन्य रहनुमा भी करते हैं और दुनिया को संभावित ख़तरों से बचने की नसीहत भी करते हैं। फिर कहती हैं कि संसार के अमन की स्थापना पर बात करना तो लीडरों के लिए एक हॉट केक है मगर इमाम जमाअत अहमदिया की गुफ़्तगु में जो ताक़त थी वह मैंने कहीं और नहीं देखी और दूसरी बात यह है कि बड़ी तफ़सीली तहक़ीक़ भी थी जिस से गहरा दर्द भी ज़ाहिर होता है। अगर यह दर्द ना हो तो कोई इतनी विस्तार पूर्वक समीक्षा पेश नहीं करता। फिर कहती हैं कि मज़हबी नुक़्ता नज़र से ही नहीं बल्कि समाजी और आर्थिक हवालों से दुनिया की लीडरशिप पर स्पष्ट किया है कि संसार का अमन अल्लाह के ख़ौफ़ से जुड़ा हुआ है। अगर व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठ कर कार्य ना किए गए तो ऐटमी जंग की भयावह तबाही के ज़िम्मेदार हम होंगे। फिर कहती हैं कि मेरे नज़दीक इस क़दर स्पष्टता के साथ पैग़ाम दे दिया गया है कि अगर द्वेष ना हूँ तो इन्सान के रौंगटे खड़े करने के लिए यह चेतावनी काफ़ी है और फ़ैसला करने वालों तक ये पैग़ाम पहुंचना चाहिए क्योंकि इन्सानियत के व्यापक लाभ के लिए उस का ग्लोबल स्तर पर समझ का आम होना भी है।

फिर मिस्टर कलाओज़े Klause) और मिसिज़ हाइडे Heide) ये दो जर्मन मियां बीवी थे, ये कहते हैं कि यहां आने से पहले हमारा तो बहुत भयभीत सी हालत थी। और यद्यपि कई साल से जमाअत का परिचय था मगर जलसा में आते हुए हमारी शंकाएं होती थीम जिनकी बुनियाद इस्लाम और मुसलमानों के बारे में मीडिया से सुनी हुई मालूमात पर ही थी। इसलिए यहां आते ही हम आज भी बहुत घबराए हुए थे कि पता नहीं कैसी भीड़ होगी लेकिन आने के बाद हम दोनों मियां बीवी ऐसे रीलेक्स हैं और माहौल में इतना अपनापन है कि हम मानो अपने ही माहौल में घूम रहे हैं। मेरी तक़रीर के बाद उनकी बीवी कहती हैं कि इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहूंगी कि मैंने जंग के फ़साद अपनी आंखों से ख़ुद देख रखे हैं। (दूसरे विश्वयुद्ध की यह बात कर थीं) और इमाम जमाअत अहमदिया ने जिन तबाहियों और जिन भयावह दृष्यों से समय से पहले ख़बरदार किया है या कर रहे हैं और जिस दर्द और संजीदगी की रूह से इन्सानियत को सचेत कर रहे हैं इस का असर मुझ जैसों पर जिन्होंने विश्वयुद्ध देख रखा है और तरह से होता है। इसलिए हम इस ख़िताब के

शब्द शब्द से सहमत हैं और चाहते हैं कि मौजूदा नस्ल इस को समय पर समझे और एहसास कर सके। इन औरत के पति कहते हैं कि उन्होंने ख़तरों की निशानदेही तो ज़रूर की है मगर यह वर्णन करते हुए ना तो किसी का नाम लिया और ना ही इस तरह के वर्णन से दौरान गुफ़्तगु किसी तरफ़ ख़ास झुकाओ का प्रतिक्रिया मिल रही थी और नसीहत का अंदाज़ दर्द भरा सचेत करने का था ना कि कोई व्यक्तिगत पसंद ना पसंद का। व्यक्तिगत झुकाओ की कोई छोटी सी बात भी उनकी गुफ़्तगु से नहीं मिला और मज़हबी सरबराह का यही मुक़ाम होता है। फिर यह कहते हैं कि इस गुफ़्तगु के बाद मैं सहमत हो रहा हूँ कि जमाअत अहमदिया में दुनिया के लिए एक दर्द है।

फिर मिस्टर नोबर्ट वेंगर (Nobert Wagner) इमीग्रेशन लायर, यह कहते हैं कि यद्यपि मैं जलसा में शिरकत पहली बार नहीं कर रहा और अहमदियों के केसिज़ के वकील के तौर पर मुझे अक्सर बातों का ज्ञान होता रहता है। यह अहमदियों के असाइलम केस करते हैं, लेकिन इमाम जमाअत अहमदिया का आज का ख़िताब मेरे लिए बिलकुल नए पहलू और नई बातों पर आधारित था। यद्यपि कि मैं अपने विचार का इज़हार कर रहा हूँ मगर यह इज़हार एक तरह का फ़ौरी विचार है जो मैं कह रहा हूँ जबकि अभी इस तक़रीर में मेरे लिए पेशावाराना ज़रूरत की बहुत सी प्रमुख बातें हैं जिन को मैं घर जा कर दोबारा ध्यानपूर्वक देखूंगा। मुहाजरीन और वतन को छाड़ने वालों के मसले पर आज जो दृष्टि इमाम जमाअत अहमदिया ने वर्णन की है इस से मेज़बान मुल्कों और मुहाजरीन के आपसी मामलों में एक तवाज़ुन और वक़ार पैदा होगा और खासतौर पर जिस तरह उन्होंने संख्याओं की मदद से बुढ़ापे और रिटायरमैंट की उम्र के हवाले से जर्मनी की लोगोंी क़ुव्वत की ज़रूरत को उजागर किया है इस से पनाह गज़ीनों की इज़्ज़त-ए-नफ़स को भी सहारा मिलेगा और मेज़बान इदारों में भी इन मुहाजरीन की इज़्ज़त और वक़ार बढ़ेंगे मगर मैं दोबारा कहना चाहता हूँ कि अभी मेरे लिए और इमीग्रेशन ला की प्रैक्टिस करने वाले दोस्तों के लिए इस में बहुत मवाद है जो हमारे काम आ सकता है तो इस लिहाज़ से भी, दुनियावी लिहाज़ से भी लोगों की मदद हो रही है ।

फिर स्विटज़रलैंड से एक औरत लैला साहिबा हैं। कहती हैं मैं एक संस्था के लिए काम करती हूँ और हम अमन के बढ़ावा के लिए काम कर रहे हैं। आज जब मैंने यह तक़रीर सुनी तो मुझे हर एक शब्द में अमन ही अमन नज़र आया। मुझे हर एक शब्द में बर्दाश्त और इन्सानियत की इक़दार नज़र आएं। अगर आप अमन, बर्दाश्त और इन्सानियत को आपस में एक स्थान पर कर दें तो फिर आप एक ख़ूबसूरत समाज पैदा कर देते हैं। फिर कहती हैं जो भी आप कहते हैं वह हमारे ही लाभ के लिए है। सबसे ज़्यादा प्रभावित करने वाली बात यह थी कि आपने समस्त समस्याएं वर्णन करने के बाद मज़हब से इस का हल पेश किया और बताया कि इन समस्त समस्याओं का हल ख़ुदा को पहचानने में है। आपने यह साबित किया है कि मज़हब मसला नहीं बल्कि समस्याओं का हल है।

एक जर्मन लड़की कहती हैं कि मुझे यह बात बहुत अच्छी लगी कि इस तक़रीर में वर्तमान समस्याओं पर बात की गई। पहले भी कुछ सियासतदानों ने बात की लेकिन उनकी बातों में कोई वज़न नहीं था, वही मामूली बातें थीं जो कोई भी कह सकता है लेकिन यह तक़रीर बिलकुल विभिन्न थी। आपने वास्तविक समस्याओं के बारे में बात की। एटमी जंग की बात की। पर्यावरण की तब्दीलीयों की बात की। इमीग्रेशन की बात की और ये वे समस्याएं हैं जो आम हैं और फिर उनका हल भी बताया। मज़हब पर रोकें लगाने की बजाय मज़हब को बढ़ावा दिया जाए। लोग ख़ुदा की तरफ़ आएं , इस तरफ़ ध्यान दिलाया। फिर कहती हैं बहुत स्पष्ट शब्दों में बता दिया कि आजकल जो जंगें हो रही हैं इस का मज़हब से कोई सम्बन्ध नहीं है। सयासी मामलों पर भी बड़ी रोशनी डाली। फिर यह कहा कि ताक़तवर देश कमज़ोर देशों से फ़ायदा उठाते हैं। कई बार यह लाभ ज़ाहिरी तौर पर उठाए जाते हैं। कई बार पोशीदा तौर पर उठाए जाते हैं और उनको मजबूर किया जाता है कि वह ताक़तवर देशों के हितों की रक्षा करें। यह स्टूडैंट हैं तो इस लिहाज़ से भी उन्होंने बड़ी अच्छी समीक्षा की है। इस का मतलब है लोग ग़ौर से सुनते भी हैं और फिर इस पर ग़ौर भी करते हैं।

फिर जर्मनी के एक ईसाई पादरी इन्द्रियास वाइस बरवट (Andreas Weisbrot) हैं । यह कहते हैं कि मैं जलसा सालाना से ,उन बहुत से दोस्ताना चेहरों से, इस ख़ुशखुलक़ी की फ़िज़ा से, इस महान इत्तिहाद और मुहब्बत से बहुत प्रभावित हुआ हूँ। और फिर मेरी तक़रीर के बारे में कहते हैं कि इस तक़रीर ने मुझे हैरान कर के रख दिया। ऐटमी जंग के ख़तरे का मुझे इतना एहसास नहीं था। मेरा भी यही ख़्याल है कि हम सिर्फ उस वक़्त तरक़्क़ी कर सकते हैं जब हम समाजी इक़दार और अमन की तरफ़ ध्यान दें और मिलकर अमन की तलाश करें। इस मक़सद के लिए हमें एक मज़बूत समाज की ज़रूरत है जिसमें हम भाईचारा और बहुत सी आस्थाओं की फ़िज़ा को क़ायम करें और इस में विभिन्न धर्मों के मध्य बातचीत का एक अहम हिस्सा है

यह तो कुछ एक मिसालें मैंने बहुत सारी मिसालों में से ली थीं। अब जलसा के उमूमी विचार के बारे में भी कुछ मिसालें वर्णन कर देता हूँ

मेसीडोनिया (Macedonia)से एक वफ़द आया था जो 70 लोगों पर आधारित था। इस वफ़द में आठ पत्रकार भी शामिल थे। दो क्षेत्रीय टीवी और अन्य छः नैशनल टीवी या अन्य न्यूज़ एजैंसीज़ से जुड़े थे और उन्होंने जलसा की कार्रवाई के अतिरिक्त कुछ लोगों के इंटरव्यू भी लिए । मेरे से भी कुछ सवाल जवाब थे। पत्रकारों के अतिरिक्त वफ़द में पंद्रह ईसाई दोस्त थे। 23ग़ैर अहमदी मुसलमान थे और 24 अहमदी मुसलमान शामिल थे। ग़ैर अज़ जमाअत मेहमानों में से पाँच ने इस जलसा के दौरान इस कार्रवाई को देखकर और सारा प्रोग्राम देखकर बैअत भी कर ली। इन्हें पहले से भी तब्लीग़ की जा रही थी।

मेसीडोनिया वफ़द की एक औरत अलीगज़ांडरा दूनीवा साहिबा Aleksandra Doneva) पहली बार जलसा में शामिल हुईं। उनका अपना वर्णन का अंदाज़ है बड़ा शायराना भी फ़लसफ़ियाना भी। इसलिए मैंने उस को वर्णन करने के लिए रख लिया। कहती हैं घर वालों के बिना घर का क्या तसव्वुर हो सकता है? क्या आचरण के बिना इन्सानियत का तसव्वुर हो सकता है? इन्सान की हक़ीक़त मज़हब और अक़ीदे के बिना नहीं है और मुहब्बत के बिना इन्सानियत का क्या तसव्वुर हो सकता है? इन्सान की रूह की पाकीज़गी सिर्फ़ अमन में रहने और अमन को फैलाने से हासिल हो सकती है। इसी तरह रूह की पाकीज़गी भाईचारा, आपसी इज़्ज़त तथा सम्मान में छुपी है। इन्सान के लिए ज़रूरी है कि वह ख़ुदा पर यक़ीन रखे और ज़मीन पर भविष्य को बेहतर बनाए। यह एक ऐसा तरीक़ा है जिससे हम इन्सानियत की हिफ़ाज़त कर सकते हैं और जमाअत अहमदिया ये समस्त कार्य सरअंजाम दे रही है। अहमदी अमन को फैलाते हैं अमन की शिक्षा देते हैं। अख़लाक़ीयात को क़ायम कर रहे हैं और कोशिश कर रहे हैं कि मानव जाति ये समस्त कार्य सरअंजाम दें। अहमदियत लोगों को एक जगह इकट्ठा कर रही है। उनको इबादत की लौ लगाई है। अहमदियत यह चाहती है कि लोग रूहानियत में इज़ाफ़ा करने वाले हों। उनमें इत्तिहाद क़ायम हो। वे ख़ुदा के क़रीब हों और इस साल जलसा सालाना पर मैंने मुस्कुराते चेहरों के साथ बहुत ज़्यादा अच्छे लोग देखे जो हमें बहुत इज़्ज़त दे रहे थे। उनको इस बात का यक़ीन है कि अच्छे अख़लाक़ के साथ अच्छी ज़िन्दगी जी जा सकती है

कहती हैं कि मैं शुक्रगुज़ारी के जज़बात के साथ इस बात की गवाही देती हूँ कि मैंने ऐसे लोगों को देखा जिनका ख़ुदा पर यक़ीन और ईमान बहुत मज़बूत है। मुझे उम्मीद है कि आप ये नेक काम जारी रखेंगे, इस सिलसिले में ज़्यादा ध्यान और मुहब्बत जारी रखेंगे और फिर एक वक़्त आएगा और लोगों को इस बात का ज्ञान होगा कि ज़िन्दगी का वास्तविक मक़सद और वैल्यू (value) क्या है

यह एक ग़ैर अज़ जमाअत का विचार है और ये विचार हमें इस बात की तरफ़ लाने वाला होना चाहिए कि हम हक़ीक़त में अपनी ज़िन्दगी के मक़सद को पहचानने वाले हूँ और इस मक़सद को हासिल करने वाले भी हों।

मेसीडोनेन् वफ़द में शामिल एक टीवी के पत्रकार ज़ूरानचव ज़ूओरिनसकी (ZorancoZorinski) साहिब कहते हैं कि मैं दूसरी बार जलसा में शामिल हुआ हूँ और मेरे लिए बड़ा सम्मान है। जलसा के प्रबन्ध बहुत अच्छे थे। मेरे ख़्याल में जलसा के प्रबन्ध पिछले साल की तुलना में ज़्यादा अच्छे थे। फिर कहते हैं आपका जो ख़िताब था इस से में बहुत आन्नदित हुआ। हर शब्द इन्सानियत के लिए एक सबक़ था। यह एक विश्वव्यापी पैग़ाम है कि "मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं।" फिर कहते हैं कि ख़ुदा पर ईमान रखना और समस्त इन्सानों की मदद करना यह ऐसा काम है जो समस्त लोगों के बीच मतभेदों को दूर कर देगा। फिर लिखते हैं कि जमाअत अहमदिया लोगों को सकारात्मक चीज़ें सिखाती है और फिर मेरी जो प्रैस कान्फ्रैंस थी उस के बार में कहते हैं कि पत्रकारों के जो उत्तर दिए वे इन्सानियत की बुनियादी इक़दार का इज़हार कर रहे थे। कहते हैं मैं भी पत्रकार हूँ, में किसी वक़्त आपका इंटरव्यू लेने की कोशिश करूँगा। फिर कहते हैं कि "अच्छी नसीहत करते हैं। मुझे उम्मीद है कि अन्य लोग अहमदियत स्वीकार करेंगे जो इन्सानियत की बेहतरी के लिए काम करेंगे। तो दुनिया को यह नज़र आ रहा है कि इस्लाम इंशा अल्लाह तआला अहमदियत के माध्यम से है।

फिर वोजो मानियोसकी (VojoManevski) साहिब कहते हैं कि मैंने गहराई में जा कर अहमदी मुसलमानों के पैग़ाम को समझा है। बतौर पत्रकार मैंने विभिन्न धर्मों में मिलती जुलती शिक्षाओं का जायज़ा लिया है। मज़हब की बुनियाद अल्लाह तआला से मुहब्बत और मानव जाति से मुहब्बत पर आधारित है। यह ऐसा पैग़ाम है जिसकी आज के दौर में बहुत ज़रूरत है। आज की दुनिया के बहुत से समस्याओं का हल जो दुनिया को सख़्त परेशान कर रहे हैं इस मुहब्बत के पैग़ाम में है। आज यूरोप का बहुत बड़ा मसला दायां पक्षा के सियासतदानों की ताक़त में इज़ाफ़ा है जिसका हल सिर्फ़ गुफ़्तगु से संभव है जो विभिन्न धर्मों , कल्चर सिवीलाइज़ेशन (नूCivilization) के मध्य हो। अगर हम ख़ुदा की तलाश करें तो हमें ज्ञान हो जाएगा कि हम में आपस में बहुत ज़्यादा फ़र्क़ नहीं है। फिर कहते हैं कि जितना हम ख़ुदा से दूर होंगे इतना ही हम इन्सानियत और लोगों से दूर होंगे। भौतिकता का दौर रुहानी ज़िन्दगी और आपस के सम्बन्धों को ख़त्म कर रहा है। इसलिए हम अपनी फ़ैमिली और दोस्तों की हिफ़ाज़त करें और सम्बन्धों की रक्षा करें।

फिर एक जानीरजीपोव (JaniRedjepov) साहिब भी हैं। कहते हैं कि अपनी फ़ैमली के साथ जलसा में शामिल हुआ हूँ। जलसा बहुत अच्छा रहा। जलसा एक शानदार अनुभव था। फिर कहते हैं मेसीडोनिया में मैंने जब पहली बार अहमदियत का पैग़ाम सुना तो मुझे एहसास हो गया था कि अहमदियत का पैग़ाम लोगों के लिए सकारात्मक रहनुमाई का काम है। पहले मेरी फ़ैमिली ने इस पैग़ाम को स्वीकार किया और फिर मेरी रहनुमाई की। जलसा सालाना में शिरकत का इंतिज़ाम करने पर आपका शुक्रगुज़ार हूँ।

फिर एक तानीया (Tanja) साहिबा हैं कहती हैं कि मैं पहली बार जलसा में शामिल हुई हूँ। यहां मेरे लिए सब कुछ नया था और बहुत अच्छा था। समस्त प्रबन्ध हर लिहाज़ से बहुत अच्छे थे विशेष रूप से काम करने वाले रज़ाकार उन का अंदाज़ बहुत दोस्ताना था। मुस्कुराते चेहरों के साथ पेश आ रहे थे और बड़े अच्छे आचरण से ये काम कर रहे थे

फिर बुलग़ारिया के एक यूनीवर्सिटी के छात्र हैं ,कहते हैं लोग बहुत हमदर्द थे जिसकी वजह से मैं अब यहां हूँ। बैअत की तक़रीब को में एक देखने वाले के तौर पर देख रहा था। मेरे पास शब्द नहीं कि मैं अपनी भावनाओं का इज़हार कर सकूं। लोगों का इस रंग में इकट्ठा होना एक शानदार बात है

बुलग़ारिया से49 लोगों पर आधारित वफ़द शामिल हुआ था इस में 15 अहमदी थे और 34 ग़ैर अज़ जमाअत और ईसाई लोगों शामिल थे। वफ़द में शामिल एक ईसाई औरत जूलिया (Yulia) साहिबा कहती हैं । मैं इस बात को सोच कर बहुत जज़बाती हो रही हूँ कि मैं भी अहमदिया जमाअत के जलसा पर इन हज़ारों शामिल होने वालों के साथ शामिल हुई हूँ। बेशक में ईसाई हूँ लेकिन मेरी तक़रीर के बारे में कह रही हैं कि मुझे यह तक़रीर बहुत पसंद आई। आपकी दुआएं दिल पर असर करने वाली थीं। तिलावत क़ुरआन करीम भी मुझे बहुत पसंद आई। इस का तर्जुमा भी। प्रशंसा योग्य बात यह है कि छात्रों को इनाम भी आपने अपने हाथ से दिए और फिर आगे भी दुआ दे रहे हैं कि आपकी दुआएं स्वीकार हों।

बुल्गारियन वफ़द की एक औरत करा समीरा (Krasrmira) साहिबा कहती हैं मुझे तीसरी बार जलसा सालाना जर्मनी में शामिल होने का अवसर मिला है और हर साल मुझे नई से नई बातें सीखने को मिलती ही। मैं तक़ारीर को बहुत ग़ौर से सुनती हूँ क्योंकि मैं एक फ़िज़ियो थराप्सट और सायका लोजिस्ट भी हूँ। मैं इन तक़रीरों में बताई जाने वाली जमाअत अहमदिया की शिक्षा के माध्यम से अपने हर मरीज़ के समस्याओं का बेहतर रंग में हल कर सकती हूँ और में अपने लिए भी मुफ़ीद नसीहतें इकट्ठी कर के ले जाती हूँ

बुल्गारियन वफ़द की एक ईसाई औरत इवनका (Ivanka) साहिबा कहती हैं। मुझे पहली बार जलसा सालाना जर्मनी में शामिल होने का अवसर मिला। मैं सारी चीज़ें देखकर हक़ीक़त में हैरान रह गई हूँ। खासतौर पर इन बच्चों से बहुत प्रभावित हुई हूँ जो गिलासों में हमें पानी देते थे

फिर एक औरत गालिया (Galia) साहिबा कहती हैं मैं तीनों दिन जलसा सालाना जर्मनी में शामिल हुई। मैं जलसा की मेहमान नवाज़ी और प्रबन्धों से बेहद प्रभावित हूँ। मैं इन अच्छे आचरण और नेक इरादे रखने वाले लोगों से भी बहुत प्रभावित हुई हूँ जिनसे मैं जलसा के अवसर पर मिली।

हंगरी से भी इस साल वफ़द आया जिसमें आठ मेहमान थे और ग्यारह अहमदी शामिल थे और सज़वा विनसी (Szava Vince) साहिब जिनका सम्बन्ध रूमा क़ौम से है और वह कहते हैं कि अपनी क़ौम की भलाई के लिए और उनकी लीगल (legal)मदद के लिए हमने एक संस्था बनाई है और इस संस्था के सौलाह हज़ार से अधिक मैंबर हैं। जलसा में पहली बार शामिल हुए। यह कहते हैं कि उनको अपने काम की वजह से विभिन्न लोगों से मिलना पड़ता है। यह विभिन्न आयोजनों में जाते हैं उनके प्रोग्रामों में जाते हैं। यहूदियों के प्रोग्रामों में भी गए। मुसलमानों के प्रोग्रामों में भी गए। ईसाइयों के पास भी गए। उन्होंने बताया कि जो मुहब्बत और इन्सानियत का सम्मान , बराबरी और भाईचारा यहां आकर देखा है ऐसा कभी अपनी ज़िन्दगी में नहीं देखा और ना ही किसी और प्रोग्राम में देखा। उन्होंने जमाअत का शुक्रिया अदा किया कि जमाअत ने उन्हें अवसर दिया कि यहां आकर ख़ुद देखें कि हम जो कहते हैं "मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं।" उस का व्यवहारिक इज़हार भी यहां हो रहा है। यह बताते हैं कि यह अनुभव उनके लिए एक लाइफटाइम अनुभव है। इस को भुलाया नहीं जा सकता और यह जलसा में शामिल होने की वजह से ख़ास जज़बाती कैफ़ीयत में हैं। फिर कहते हैं अपने मुल्क में जहां मुसलमान मुहाजरीन के समस्याओं की वजह से उनके लिए ख़ास नफ़रत है हम मुसलमानों के लिए पहले से भी बढ़कर आवाज़ उठाते रहें। पहले भी आवाज़ उठाते रहे हैं लेकिन अब तो मज़ीद ज़ोर और शोर के साथ आवाज़ उठाएँगे कि वे मुसलमान जिनकी बातें मीडिया करता है ये बिलकुल ग़लत बातें हैं।

फिर वफ़ा हुस्न शर्मानी साहिबा यमन की हैं। अपने बेटे और माता के साथ हिज्रत कर के हंगरी आ गई हैं। यह कहती हैं कि जलसा में पिछले साल भी और इस साल भी शामिल हुई थी। और पिछली बार जब ये औरतों की तरफ़ गई थीं तो कहती हैं कि उन्होंने अपने आपको ज़्यादा comfortable महसूस किया था तो इस साल उन्होंने औरतों में जा कर वहीं सारे प्रोग्राम सुने और कहती हैं उनके लिए एक ख़ास रूहानियत से भरा हुआ और जज़बाती माहौल था।

फिर एक मेहमान बेसम जोज़ी (BesimGjozi) साहिब हैं। आख़िरी रोज़ बैअत कर के जमाअत में शामिल हुए और कहते हैं कि इस के लिए मैं अल्लाह तआला का बहुत शुक्रगुज़ार हूँ। एक और मेहमान सिनन बरेशनी (SinanBreshanaj) साहिब कहते हैं कि मेरे जमाअत में शामिल होने का कारण ही वह मुलाक़ात थी जो कुछ साल पहले मेरे से उनकी हुई। कहते हैं इस वक़्त से उन पर असर था जिसके बाद यह हर साल जर्मनी के जलसा में शामिल होते हैं।

दूसरे एक अहमदी दोस्त बेकम बेतसी (BekimBici) साहिब हैं। वह कहते हैं कि मैंने 2004 ई में बैअत की। जर्नलिज़म में ग्रेजवाएशन में उच्च कामयाबी हासिल की और इस आधार पर 2016 ई के जलसा सालाना पर मैंने मैडल भी हासिल किया। इस के बाद मैंने अल्बानिया में ऑनलाइन अख़बारों में बतौर पत्रकार काम किया। पिछले साल जलसा सालाना पर आने के लिए जब मैंने छुट्टी की दरख़ास्त दी तो मन्ज़ूर नहीं हुई। इस पर मैंने काम से इस्तीफ़ा दे दिया क्योंकि मैं इस जलसा सालाना से गैर हाज़िर नहीं हो सकता था। कहते हैं अल्लाह तआला ने उसी दिन मेरे लिए दूसरी मीडिया कंपनी में काम दिला दिया जहां पर यह शर्त भी मंज़ूर कर ली गई कि में इस साल जलसा सालाना जर्मनी में शामिल हो कर वापसी के बाद काम शुरू कर सकता हूँ। कहते हैं इसी तरह इस साल भी सिर्फ चार माह हुए थे

दुआ का अभिलाषी
जी.एम. मुहम्मद शरीफ़
जमाअत अहमदिया मरकरा (कर्नाटक)

इस्लाम और जमाअत अहमदिया के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए संपर्क करें

नूरुल इस्लाम नं. (टोल फ्री सेवा) :
1800 3010 2131
(शुक्रवार को छोड़ कर सभी दिन सुबह 9:00 बजे से रात 11:00 बजे तक)
Web. www.alislam.org, www.ahmadiyyamuslimjamaat.in

कि एक ऑनलाइन अख़बार में काम कर रहा था। कंपनी के नियमों के अनुसार छ: माह से पहले छुट्टी नहीं मिल सकती थी। फिर भी मैंने जलसा के लिए दरख़ास्त दी जो मंज़ूर नहीं हुई। मैंने इस्तीफ़ा दे दिया और इसी दिन मुझे तीन और कंपनियों की तरफ़ से काम की ऑफ़र मिली। अत: इस पर मैंने एक जगह इस शर्त के साथ काम स्वीकार कर लिया कि मैं जलसा सालाना जर्मनी में शामिल हो कर वापस आने के बाद काम शुरू करूँगा। अत: मेरी शर्त मंज़ूर कर ली गई। यह है ईमान और धर्म को दुनिया पर मुक़द्दम करने की हक़ीक़ी मिसाल जो नए आने वाले भी क़ायम कर हैं।

फिर एक अहमदी दोस्त गज़ीम मुज़ाके (Gzim Muzhaqi) साहिब जिनका सम्बन्ध लामज़हब सोसाइटी से था। कुछ साल पहले उनका जमाअत से सम्पर्क हुआ। मज़हब और विशेष रूप से इस्लाम के बारे में दलीलें जो जमाअत अहमदिया देती है वह उन्हें बहुत अक्ल वाली लगीं, बहुत पसंद आईं। इस से पहले मौलवियों की कहानियों की वजह से उनका दिल मज़हब से बेज़ार था। अत: कुछ साल पहले उन्होंने बैअत की और अब धीरे-धीरे इस्लामी शआर की पाबंदी कर रहे हैं। कहते हैं कि जलसा सालाना मुझे बहुत ख़ास लगा। मेहमान-नवाज़ी और प्रबन्ध हर साल की तरह बहुत ही उच्च थे और यह कहते हैं कि लजना में मेरा ख़िताब और जो समापन ख़िताब था उसने मुझे बड़ा प्रभावित किया और यह पैग़ाम हम मर्दों को हमेशा याद चाहिए।

फिर एक मेहमान एलेड्र चूलानजी (ILIR CYLANDJI) हैं। अल्बानियन हैं। जर्मनी में रहते हैं। वह कहते हैं जलसा सालाना हर अहमदी मुसलमान के लिए एक महान रुहानी इज्तिमा है जिसमें जमाअत के लोगों के अतिरिक्त अन्य धर्मों और क़ौमों से सम्बन्ध रखने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या शामिल होती है। जलसा सालाना में शामिल हो कर उन्हें जहां इस्लाम की बुनियादी शिक्षाओं से परिचय हासिल होता है वहीं जमाअत अहमदिया में क़ायम निज़ाम ख़िलाफत के माध्यम से इन ख़ूबसूरत शिक्षाएं के व्यावहारिक नमूने देखने का भी अनुभव होता है। कहते हैं इन तीन दिनों के दौरान मर्दों और औरतें के जलसा गाह में सिर्फ इज्लासों का आयोजन होता है और मौजूदा ज़माने के परिवर्तनों और चैलेंजिज़ के मुक़ाबला इस्लाम की ख़ूबसूरत शिक्षा को पेश किया जाता है। कहते हैं मैं एक अहमदी मुसलमान होने के नाते सारा साल इस रुहानी जलसा का बड़े एहतिमाम से इंतज़ार करता हूँ क्योंकि यहां एक हक़ीक़ी भाईचारा की रूह नज़र आती है जिसे वर्णन करना नामुमकिन है और कहते हैं कि निष्कपट और फ़ितरी मुहब्बत का इज़हार जमाअत के सारे लोगों की तरफ से होता है। इस जलसा में आकर मुझे यूं लगता है मानो में जन्नत में हूँ और दुनिया का सबसे ख़ुश-क़िस्मत इन्सान हूँ और अगले साल के जलसा का बड़ी व्याकुलता से मैं इंतज़ार कर रहा हूँ।

फिर जॉर्जिया का वफ़द था जो 85 लोगों पर आधारित था। रशिया के किसी भी देश से आने वाला यह सबसे बड़ा वफ़द था। एक फ़लाही इदारे के चेयरमैन बेसू (Besso) साहिब कहते हैं कि बहुत से अहमदी लोगों से बात करने का अवसर मिला और मैंने बातचीत में यह जायज़ा लेने की कोशिश की कि यह जमाअत किस क़दर मज़हबी रवादारी का ख़्याल रखने वाली है। इस उद्देश्य से दो अहमदियों से बातचीत की और इस बातचीत के दौरान मैंने उन्हें अचानक बताया कि मैं मु-सलमान नहीं हूँ बल्कि ईसाई हूँ। मेरा ख़्याल था कि यह जान कर उन लोगों का रवैय्या बदल जाएगा लेकिन में बहुत हैरान हुआ कि अहमदी दोस्त जिस तरह पहले अच्छे आचरण से बात कर रहे थे इसी तरह अपने अख़लाक़ का इज़हार करते रहे और किसी किस्म के द्वैष का इज़हार नहीं किया। इस तरह भी ग़ैर लोग जो हैं हमें आज़माने की कोशिश करते हैं

जॉर्जिया के वफ़द में धार्मिक उलूम की छात्रा नानू का (Nanuka) साहिबा भी शामिल थीं और बैअत के आयोजन के बारे में अपनी भावनाएं वर्णन करती हैं कि बैअत का आयोजन भावनाओं से भरपूर था। मुझे मज़हबी इत्तिहाद का एक नज़ारा देखने को मिला और मालूम हुआ कि किस तरह विभिन्न रंग तथा नस्ल के लोग अमन के साथ इकट्ठे रह सकते हैं। मैं धार्मिक ज्ञान हासिल कर रही हूँ। जलसा पर पहली बार आई हूँ और मेरा यक़ीन है कि यह जलसा अमन को हासिल करने का एक बेहतरीन माध्यम है

फिर एक और औरत हैं नाना कुरदिआनी (Nana Kurdiani) साहिबा कहती हैं मैं ना तो मुसलमान हूँ और ना ही ईसाई हूँ लेकिन इस जलसा पर आने के बाद में अपने आपको इस्लाम की तरफ़ झुका हुआ देखती हूँ और मैं यह सोचने पर मजबूर हूँ कि मैं अपने मज़हब के बारे में कुछ फ़ैसला करूँ। फिर जॉर्जिया से एक यूनीवर्सिटी छात्र हैं जूरजीव (Georgio) साहिब यह एक इमाम का भतीजा है और यह भी कहते हैं कि मैं नाम का मुसलमान हूँ लेकिन अब जलसा पर शामिल हो कर इमाम जमाअत अहमदिया की मुहब्बत को देखकर मैं जमाअत अहमदिया के बारे में और अधिक अध्यनन करूँगा

कोसोवो से भी एक वफ़द आया हुआ था 45 लोगों पर आधारित था।30 लोग इस में अहमदी थे15 ग़ैर अज़ जमाअत थे। एक दोस्त मिस्टर शेप ज़िक्र जी (Mr. ShaipZeqiraji) साहिब दूसरी बार जलसा में शामिल हुए। कहते हैं कि जब मुझे इत्तिला मिली कि जलसा में शामिल होना है तो यह बहुत ख़ुश हुए मगर इस सफ़र के खर्च जब सामने आए तो बहुत कश्मकश में पड़ गया लेकिन फिर कहते हैं ख़लीफ़ा वक़्त से मिलना और जलसा में शामिल होना मेरी एक तड़प थी। इसलिए वह कहते हैं मैंने अपनी गाय बेची और जलसा में शामिल होने के खर्च पूरे किए। इस तरह भी लोग अहमदी होने के बाद क़ुर्बानी कर के जलसा में आने की कोशिश करते हैं। पुराने ज़माने की मिसालें हैं जो यह क़ायम कर हैं।

कोसोवो के वफ़द में एक दोस्त मिस्टर सिकन्दर अस्सलानी (SkenderAsllani) साहिब भी थे जो अल्बानियन ज़बान और लिटरेचर के उस्ताद हैं। उन्हें इस साल बैअत करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। कहते हैं कि मुझे तो ढूढ़ने पर भी इन जलसा के प्रबन्धों में कोई नुक़्स नहीं मिला। तक़रीर का स्तर बहुत उम्दा था और फिर मेरी तक़रीर का भी कहते हैं कि बड़ा प्रभावित हुआ। फिर कहते हैं बैअत करना एक इनाम है जिसकी क़दर हम सबको करनी चाहिए क्योंकि इस माहौल में एक हाथ पर जमा होना ही कामयाबी की कुंजी है

मालटा से जलसा में शामिल होने वाली तीन औरतों, औरतों की मार्की में भी गईं। कहती हैं कि हमारा बहुत ख़्याल रखा गया। बहुत बार हमें पूछा गया। औरतों की मार्की में एक फ़ैमली का माहौल था। ऐसे था कि जैसे हम एक दूसरे को बहुत अच्छी तरह शायद सदियों से जानते हैं मगर हमारी तो पहली बार मुलाक़ात हो रही थी

